भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2877

बुधवार, दिनांक 05 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

मध्य प्रदेश में अक्षय ऊर्जा योजनाएं

2877. श्रीमती संध्या राय:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले बारह वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में विशेषकर भिंड और दतिया में, सौर ऊर्जा, रूफटॉप सोलर, सोलर पंप, बायोगैस और अन्य अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्वीकृत योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्वीकृत परियोजनाओं, लाभार्थियों और उनकी वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले बारह वर्षों के दौरान हुए व्यय और स्थापित क्षमता का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) मध्य प्रदेश राज्य सहित देश भर में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं और कार्यक्रमों का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग): पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीएमबीवाई) के तहत, योजना के राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार, दिनांक 31.07.2026 तक रूफटॉप सोलर इंस्टालेशन के लिए भिंड में 238 और दतिया जिलों में 670 सहित 2,24,600 आवेदन जमा किए गए हैं और भिंड जिले में 93 तथा दतिया जिले में 453 सहित 1,58,323 रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए गए हैं और कुल 1115.15 करोड़ रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) वितरित की गई है।

मध्य प्रदेश में पीएम-कुसुम के तहत स्वीकृत और स्थापित परियोजनाओं का विवरण नीचे दिया गया है:

घटक	**स्वीकृत**	**स्थापित**	**जारी की गई निधियां (करोड़ रुपये में)**
घटक -A (MW में)	1,401.00	201.66	237.42
घटक -B (पंपों की संख्या)	59,400	24,682	

घटक -C (फीडर स्तर सोलराइजेशन) (पंपों की संख्या)	1,75,000	62,378	

राज्य कार्यान्वयन एजेंसी अर्थात मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (एमपीयूवीएनएल) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, भिंड और दतिया जिलों में योजना का केवल घटक-बी कार्यान्वित किया जा रहा है, जहां कुल 566 सौर पंप स्थापित किए गए हैं।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) के अंतर्गत नई सौर विद्युत योजना (आदिवासी और पीवीटीजी बसाहटों/गाँवों के लिए) के तहत, मध्य प्रदेश में कुल 1370 घरों के विद्युतीकरण को मंजूरी दी गई थी। इनमें से दतिया जिले के 21 घरों सहित कुल 1193 घरों को दिनांक 30.6.2026 की स्थिति के अनुसार, विद्युतीकृत किया जा चुका है, और राज्य कार्यान्वयन एजेंसी, अर्थात एमपीयूवीएनएल को कुल 4.79 करोड़ रुपये का सीएफए (CFA) जारी किया गया है।

सौर पार्कों और अल्ट्रा मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं **का** विकास की योजना के तहत मध्य प्रदेश में 4208 मेगावाट की कुल क्षमता के 9 सौर पार्क स्वीकृत किए गए हैं। इन पार्कों में कुल 2608 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं चालू की गई हैं। इन पार्कों के लिए कुल 505.55 करोड़ रुपये का सीएफए जारी किया गया है।

मध्य प्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम लिमिटेड से प्राप्त सूचना के अनुसार, भिंड जिले में **347** और दतिया जिले में 169 बायोगैस परियोजनाएं स्वीकृत और पूर्ण की गईं, तथा भिंड जिले में **36.40** लाख रुपये और दतिया जिले में 17.46 लाख रुपये का व्यय हुआ है।

इसके अतिरिक्त, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्य प्रदेश द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा नीति, 2025 के तहत पंजीकृत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

अनुलग्नक-I

दिनांक 05.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2877 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

मध्य प्रदेश राज्य सहित देश में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं/कार्यक्रमों का विवरण

1. 40,000 मेगावाट क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य के साथ सौर पार्कों और अल्ट्रा-मेगा सौर विद्युत परियोजनाओं के विकास की योजना। इस योजना के तहत, भूमि, सड़कें, बिजली निकासी प्रणाली और जल सुविधाओं जैसे बुनियादी ढांचे को सभी वैधानिक मंजूरी/अनुमोदन के साथ विकसित किया जाता है। इस प्रकार, यह योजना देश में उपयोगिता-स्तर (यूटिलिटी-स्केल) की सौर परियोजनाओं के तेजी से विकास में मदद करती है।
2. पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: वर्ष 2026-27 तक एक करोड़ घरों के लिए रूफटॉप सोलर स्थापित करने के लिए |
3. उच्च दक्षता सौर पीवी मॉड्यूल (ट्रेंच-I और II) में गीगा वाट (जीडब्ल्यू) पैमाने की विनिर्माण क्षमता प्राप्त करने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 'उच्च दक्षता सौर पीवी मॉड्यूल पर राष्ट्रीय कार्यक्रम'।
4. विकेंद्रीकृत सौर या अन्य नवीकरणीय ऊर्जा विद्युत संयंत्रों की स्थापना, स्टैंड-अलोन सौर कृषि पंपों की स्थापना, और फीडर-स्तरीय सोलराइजेशन सहित मौजूदा ग्रिड-कनेक्टेड कृषि पंपों के सोलराइजेशन के लिए पीएम-कुसुम (PM-KUSUM) योजना। यह योजना न केवल किसानों बल्कि राज्यों और डिस्कॉम (DISCOMs) को भी लाभान्वित करती है।
5. सरकारी उत्पादकों द्वारा 12,000 मेगावाट ग्रिड-कनेक्टेड सोलर फोटोवोल्टिक (पीवी) विद्युत परियोजनाएं स्थापित करने के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसयू) योजना चरण-II (सरकारी उत्पादक योजना), जिसमें स्वदेशी स्तर पर निर्मित सोलर पीवी सेलों और मॉड्यूलों का उपयोग किया जाएगा। यह योजना व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) सहायता के साथ, स्वयं के उपयोग या सरकार/सरकारी संस्थाओं द्वारा सीधे या वितरण कंपनियों (डिस्कॉमों) के माध्यम से उपयोग के लिए है।
6. जैव-ऊर्जा कार्यक्रम:

    - अपशिष्ट से ऊर्जा कार्यक्रम : शहरी, औद्योगिक और कृषि अपशिष्टों/अवशेषों से ऊर्जा पर कार्यक्रम
    - बायोमास कार्यक्रम: ब्रिकेट और पेलेट्स के निर्माण में सहायता करने और उद्योगों में बायोमास (गैर-खोई) आधारित सह-उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना।
    - बायोगैस कार्यक्रम: फैमिली टाइप बायोगैस प्लांट को बढ़ावा देने के लिए

7. प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए जेजीयूए) के तहत नई सौर विद्युत योजना (जनजातीय और पीवीटीजी बस्तियों/गांवों के लिए) जिसमें ऑफ-ग्रिड सौर प्रकाश व्यवस्था प्रदान करने के प्रावधान के साथ जहां ग्रिड के माध्यम से बिजली की आपूर्ति तकनीकी-आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं है।
8. वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए लघु जल विद्युत (एसएचपी) विकास योजना (1 मेगावाट से 25 मेगावाट)। इस योजना का लक्ष्य पूरे भारत में लगभग 1,500 मेगावाट नई एसएचपी क्षमता स्थापित करना है।

अनुलग्नक-II

दिनांक 05.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2877 के भाग (ख) एवं (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

मध्य प्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा नीति 2025 के तहत पंजीकृत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं

क्र. सं.	कंपनी/डेवलपर का नाम	क्षमता	जिला	परियोजना का प्रकार	स्थापना की स्थिति
1	द सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड	0.815 MW	भिंड	सोलर-कैप्टिव इस्तेमाल	संस्थापित
2	मोंडेलेज इंडिया फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	1.5 MW	भिंड	सोलर-कैप्टिव इस्तेमाल	संस्थापित
3	इंटीग्रेट ऑफशोर प्राइवेट लिमिटेड	37.5 MW	दतिया	सोलर-कैप्टिव इस्तेमाल	_
4	कुमुदिनी पावर लिमिटेड	25 MW	दतिया	सोलर-कैप्टिव इस्तेमाल	_
5	कॉनोइसर एग्रो इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	8 TPD	दतिया	कम्प्रेस्ड बायोगैस (CBG)	_
6	वीआरएस फूड्स लिमिटेड	4.8 TPD	भिंड	CBG	_
7	नेचर बायो वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड	05 TPD CBG & 50 TPD Pellets	भिंड	CBG और पेलेट्स	_

*****